# मेरठ विकास प्राधिकरण

अक्रमेणानुपायेन कर्मारम्भो न सिध्यति

Stamp of integrity


**पत्रांक** :- MeDA/24-25/Horticulture/11538-1

**दिनांक** :- 03/04/2025

## -:: नीलामी सूचना-::

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025-26 व 2026-27 के लिए दो वर्ष हेतु रक्षापुरम आवासीय योजना के सैक्टर-1 व 4 में स्थित जोनल पार्को में आम व जामुन के वृक्षों पर लगी फलबहार की नीलामी दिनांक 09.04.2025 को प्रातः 11.30 बजे प्राधिकरण सभा कक्ष में होनी निश्चित हुयी है। उक्त फलबहार की नीलामी रिर्जव प्राइज धनांक रूपये 64,900.00 है, जिसका बोलीदाता को नीलामी से पूर्व अंकन रूपये 10 प्रतिशत धरोहर राशि के रूप में प्राधिकरण में जमा कराने होगें, जो व्यक्ति/फर्म नीलामी में भाग लेने के इच्छुक हो वह स्थल पर जाकर वृक्ष/फलबहार देखकर निर्धारित तिथि एवं समय पर आकर नीलामी में भाग ले सकते है। नियम व शर्ते प्राधिकरण की वेबसाइट उकेउममतनजण्पद पर व उद्यान अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। नीलामी की निर्धारित नियम व शर्ते निम्न प्रकार हैं-

1-सर्वोच्च बोलीदाता को बोली की 50 प्रतिशत धनराशि तत्काल जमा करनी होगी। जिसमें जमानत राशि सम्मलित कर दी जायेगी।

2-स्वीकृत नीलामी की 50 प्रतिशत धनराशि एक सप्ताह के अन्दर प्राधिकरण कोष में जमा करानी होगी।

3-बोलीदाता बोली बोलने से पूर्व स्थल निरीक्षण कर वृक्ष/फलबहार देख ले। नीलामी के पश्चात कोई क्लेम स्वीकार नही होगा।

4-उपाध्यक्ष, मेरठ विकास प्राधिकरण, मेरठ को बिना कोई कारण बताये बोली स्वीकृत/निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा।

5-प्राधिकरण सम्पत्ति को कोई क्षति पहंचाई गयी तो उसकी समस्त जिम्मोरी बोलीदाता की होगी।

6-नीलामी के पश्चात् फलों/वृक्षों के रखरखाव की समस्त जिम्मेदारी बोलीदाता की होगी।

7- वृक्षों के अतिरिक्त अन्य किसी भी चीज पर बोलीदाता को कोई अधिकार नही होगा।

**प्रतिलिपि-**

1 उपाध्यक्ष महोदय को सादर अवलोकलार्थ।

2 सचिव महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3 सहायक प्रोग्रामर को इस आशय के साथ प्रेषित कि नीलामी प्रपत्र प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपलोड कर दें।

4 मेरठ विकास प्राधिकरण नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

**Niketa Singh**
प्रभारी अधिकारी उद्यान
Digitally Signed
03/04/2025 04:50 PM